भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 4606

उत्तर देने की तारीख : 31.03.2022

मैट्रिक पूर्व और मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति

4606. डॉ. मोहम्मद जावेद:
डॉ. डी. रविकुमार:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) वर्ष 2019-2020 और 2020-2021 में कितने अल्पसंख्यक छात्रों ने मैट्रिक-पूर्व और मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था और इनमें से लड़कियों की संख्या कितनी थी;

(ख) कितनी लड़कियों ने आवेदन किया था और छात्रवृत्तियां प्राप्त की थीं; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान मुस्लिमों की छात्रवृत्ति पर कुल व्यय का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)

(क) और (ख): वर्ष 2019-20 और वर्ष 2020-21 में, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों से 1,54,08,111 सत्यापित आवेदन प्राप्त हुए जिनमें मैट्रिक-पूर्व और मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत 81,90,978 लड़कियां थीं और उनमें से 64,66,444 लड़कियों को छात्रवृत्ति दी गई।

(ग): वर्ष 2018-19 से 2020-21 के दौरान तीन छात्रवृत्ति योजनाओं अर्थात् मैट्रिक-पूर्व, मैट्रिकोत्तर और मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति योजना के तहत मुस्लिम समुदाय के लाभार्थियों को स्वीकृत छात्रवृत्तियों पर वर्ष-वार कुल व्यय का विवरण इस प्रकार है:

वित्तीय वर्ष	**राशि (करोड़ रु. में)**
2018-19	1575.56
2019-20	1747.13
2020-21	1473.95
कुल	**4796.64**

*****